सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

शुक्रवार 30.08.2024

# खबर मन्त्र

धनबाद, वर्ष 01, अंक 132

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### कृषि गणना के सर्वेक्षण के लिए प्रशिक्षण- सह-कार्यशाला

**धनबाद।** 11 वीं कृषि गणना के द्वितीय एवं तृतीय चरण के सर्वेक्षण कार्य के लिए गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया।इसमें सभी अंचल के अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सभी अंचलों के कंप्यूटर ऑपरेटर ने भाग लिया। इस क्रम में प्रतिभागियो को नई कृषि गणना वेब पोर्टल एवं पावर पोइंट के माध्यम से ऑनलाइन विस्तृत प्रशिक्षण श्री प्रमोद कुमार-एएसओ, श्री राजीव कुमार-एएसओ, श्री रुपेश कुमार मिश्रा, आईटी मैनेजर एवं श्री प्रमोद कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर, जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा दिया गया। प्रतिभागियो को निर्देश दिया गया कि 11 वीं कृषि गणना द्वितीय एवं तृतीय चरण का कार्य 01 सितम्बर, 2024 से शुरू कर 31 दिसम्बर, 2024 तक समयानुसार समाप्त करना है।

### अस्पताल के निकट असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा पुराना अस्पताल के निकट न्यू किड्स गार्डेन स्कूल में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे परेशान होकर प्राचार्य विजय दुबे ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि स्कूल बंद हो जाने के बाद असामाजिक तत्व बाउंड्री वाल तड़प कर स्कूल परिसर में आते हैं और शराब व गांजा का सेवन करते हैं। वे लोग स्कूल की सामग्री भी चोरी कर ले जाते हैं। इस तरह की वारदात से विद्या का मंदिर असुरक्षित हो गया है। थाना प्रभारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### करंट लगने से गाय की मौत

**कतरास।** सोनारडीह से चिटाही राम राज मंदिर जाने वाले मार्ग पर बढई टोला के पास गुरुवार को सड़क पर गिरे बिजली तार से एक गाय की मौत हो गई। हादसे के समय वहां कोई नहीं था। बताते चलें कि यह मार्ग काफी व्यस्त है। वहां से दिनभर लोगो का आना जाना लगा रहता है। आसपास के लोगों ने बताया कि वहां बिजली तार काफी जर्जर है, जिसे बदला नहीं जा रहा है। इस कारण लोगों में काफी रोष है।

### कतरास-बाघमारा रोड पर ग्रामीण सुरक्षा दल तैनाती की मांग

**कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के लेडीडुमर पुल से कोलमुरना हीरक रोड तक बढ़ती आपराधिक घटना पर भाजयुमो बाघमारा मंडल के कोषाध्यक्ष मिथुन सिंह राजपूत ने चिंता जताई है। उन्होंने हुए प्रशासन से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। बाघमारा एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज, कतरास थाना प्रभारी असित सिंह एवं बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार से मिलकर उन्होंने बरोरा व कतरास थाना के बॉर्डर पर ग्रामीण सुरक्षा दल तैनात करने की मांग की है।

### संस्कार ज्ञानपीठ में खेलकूद प्रतियोगिता

**कतरास।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लायंस क्लब बाघमारा के सहयोग से संस्कार ज्ञानपीठ प्लस टू विद्यालय पीयूष विहार हरिना में खेलकूद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में शतरंज, कैरम एवं कुश्ती आदि खेल का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को लायंस क्लब बाघमारा की ओर से पुरस्कृत किया गया। मौके पर क्लब अध्यक्ष लायन डा. मुकेश कुमार राय, एस एन राय, नीरजा राय, प्राचार्या रश्मि कुमारी, सुभाष रजक आदि मौजूद थे।

## आज से जिले में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

# ऑन द स्पॉट होगा परिसंपत्ति का वितरण, शिकायतों का निवारण

**15 सितंबर तक अलग अलग पंचायतों व वार्डो में लगेगा शिविर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पूरे जिले में 30 अगस्त से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू होगा। पहले दिन धनबाद प्रखंड के अरलगड़िया, पूर्वी टुंडी के चुरूरिया, टुंडी के बरवाटांड, कलियासोल के आंखद्वारा, निरसा के बैजना, तोपचांची के भुईया चितरो, बाघमारा के बगदाहा, बलियापुर के अलकडीहा, एग्यारकुंड के आमकुड़ा तथा गोविंदपुर प्रखंड के अमरपुर पंचायत तथा निगम के वार्ड 1, 2, 4, 5, 9,10 एवं 39 तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड 1 एवं 2 में शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समाहरणालय में पत्रकार वार्ता में दी है। उन्होंने बताया कि सप्ताहिक अवकाश एवं सरकारी छुट्टी छोड़कर शिविर नियमित रूप से चलेगा। शिविर की अंतिम तारीख 15 सितम्बर रखी गई है।



**लाभुक इन योजनाओं का ले सकेंगे लाभ**

उपायुक्त ने बताया कि शिविर जिले की सभी 256 पंचायत, नगर निगम के सभी 55 एवं चिरकुंडा नगर परिषद के 21 वार्ड में आयोजित किया जाएगा। झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री पशुधन, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि से संबंधित आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन योजनाओं में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होंगे, उनमें लाभुकों की प्रतीक्षा सूची तैयार करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उन्हें लाभ प्रदान किया जाएगा।

**आवेदनों का ऑन द स्पॉट होगा समाधान**

उपायुक्त ने बताया कि शिविरों में राज्य अभिलेख, आय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार या राशन कार्ड में सुधार तथा बिजली बिल से संबंधित शिकायतों का ऑन द स्पॉट निवारण किया जाएगा। इसके अलावा लाभुकों के बीच ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण, स्कूली बच्चों को लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल खरीद के लिए चेक वितरण, एसएचजी सदस्यों के बीच आइडेंटी कार्ड, योग्य लाभुकों के बीच धोती-साड़ी-लुंगी एवं कंबल वितरण किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में बेनेफिशरी ओरिएंटेड योजना के तहत सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

# खुदिया नदी में नहाने आया युवक डूबा, मौत

**बचाने के लिए नदी में कूदे दो साथी बचे**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा क्षेत्र के नयाडांगा काली मंदिर के समीप गुरुवार की सुबह खुदिया नदी के सातघटिया घाट पर स्नान करते बिहार के राजगीर निवासी 25 वर्षीय सचिन यादव डूब गया। साथ में स्नान कर रहे उसके दो साथियों ने उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगाई। परंतु नदी की तेज धारा व बहाव में वे दोनों भी डूबने लगे। हालांकि दोनों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। सचिन का कोई अता पता नहीं है। सूचना पाकर निरसा पुलिस पहुंची। पुलिस डूबे युवक को खोजने का प्रयास कर रही है। सचिन के साथ स्नान कर रहे उसके गांव के रिश्ते के चाचा अरविंद यादव एवं संतोष कुमार ने बताया कि वे लोग कोलकाता से बिस्किट लोड कर बरकट्ठा जा रहे थे। रात्रि में निरसा के गुरुदास नगर में रुके थे। गुरुवार की सुबह नदी में स्नान करने के बाद ट्रक लेकर बरकट्ठा के लिए निकलते। तभी स्नान करने के दौरान अचानक सचिन पानी के तेज बहाव में बहने लगा। हम लोग उसे बचाने के लिए नदी में कूदे। परंतु तेज धारा एवं भंवर में हम लोग भी डूबने लगे। किसी तरह भाग कर हम लोगों ने अपनी जान बचाई।

# ओवरमैन की पिटाई के विरोध में प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र की बरारी कोलियरी की आउटसोर्सिंग परियोजना में बुधवार की शाम को कोयला चोरों द्वारा ओवरमैन मो सोहेब की पिटाई का विरोध करते हुए गुरुवार को संयुक्त मोर्चा ने बरारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने जोड़ापोखर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि पुलिस की लापरवाही के कारण असामाजिक तत्वों का मनोबल काफी बढ़ गया है। नेताद्वय ने कहा कि विगत एक साल में बीसीसीएल के बंद गोदाम से लोहा तस्करी होती थी। गोदाम खाली करने के बाद असमाजिक तत्वों की नजर कोयला पर है। बरारी में कोयला कर्मी सुरक्षित नहीं हैं। गुरुवार को मजदूरों ने हाजिरी बनाकर सुरक्षा की मांग करते हुए कार्य बहिष्कार किया। आंदोलन में यूनियन के सबूर गोराई मनोहर सिंह यादव, बलवीर सिंह, सलाउद्दीन आदि शामिल हैं। दूसरी ओर जोड़ापोखर पुलिस असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।



### कतरास में रानी सती महोत्सव की तैयारी पूरी

**कतरास।** पचगढ़ी बाजार कतरास स्थित श्री श्री रानी सती दादीजी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रानी सती दादी जी का 26 वां महोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं परम्परागत ढंग से मनाने की तैयारी की गई है। चार दिवसीय महोत्सव में प्रथम दिन 31 तारीख शनिवार को निसान सह शोभा यात्रा एवं भगत सिंह चौक से नयानाभिराम झांकी निकाली जाएगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन कोलकाता की प्रसिद्ध स्वाति अग्रवाल एंड पार्टी द्वारा संगीतमय मंगल पाठ किया जाएगा, जबकि 2 सितंबर सोमवार को कोलकाता की प्रसिद्ध ज्योति खन्ना एंड पार्टी द्वारा रात्रि जागरण प्रस्तुत किया जाएगा। अंतिम दिन 3 तारीख को स्नान, महा रुद्र अभिषेक एवं हनुमान पूजन, जबकि संध्या में दादीजी की महाआरती होगी।

## धनबाद डीआरएम ने किया मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण



**धनबाद।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने मेजर ध्यानचंद की छवि पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर मंडल क्रीड़ा अधिकारी सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) विनीत कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) अमित कुमार, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार,वरीय मंडल विद्युत अभियंता (परि.)संजीव कुमार, वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक अंजय तिवारी, वरीय मंडल अभियंता (समन्वय) प्रदीप कुमार, सहायक मंडल क्रीड़ा अधिकारी हर्षवर्धन सिंह,के अलावा समस्त अधिकारी, यूनियन के पदाधिकारी एवं रेलवे मंडल धनबाद के सभी खिलाड़ी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# कल्याणकारी योजनाओं में बैंकों की शिथिलता पर असंतोष

**डीएलसीसी की बैठक**

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में बैंकों की शिथिलता पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में डीएलसीसी की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में वैसे 12 बैंक जिनका लक्ष्य सिंगल डिजीट में है, की आवेदन स्वीकृति शून्य है। इस पर खेद प्रकट करते हुए उन्होंने सभी बैंक को सुधार करते हुए अगले 10 दिन में लंबित आवेदनों को स्वीकृत प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी ने फॉर्म क्रेडिट, क्रॉप लोन, एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर, एनुअल क्रेडिट प्लान, एग्रीकल्चर लोन, एजुकेशन लोन, हाउसिंग लोन, सीडी रेशियो, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमईजीपी, मुद्रा लोन, पीएम स्वनिधि सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत असंतोषजनक प्रदर्शन पर उन्होंने सभी बैंको को कड़ी फटकार लगाई एवं 15 दिनों के अंदर सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। वहीं एलडीएम ने बताया की जून तिमाही तक जिले का ऋण जमा अनुपात 36.75% था। इस पर डीडीसी ने इसे असंतोषजनक बताया एवं सितम्बर तिमाही तक सभी बैंको का ऋण जमा अनुपात कम से कम 40% करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं सरकार की कल्याणकारी योजना है। बैंक इसमें अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही कहा कि 30 अगस्त से जिले में आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत होगी।



**ये लोग भी थे उपस्थित**

बैठक में उप विकास आयुक्त श्री अनवर के अलावा सहायक महाप्रबंधक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, रांची के राजन पांडा, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, डीडीएम नाबार्ड रवि लोहानी, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, जिला योजना पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि मिल्टन पार्थ सारथी, विधायक धनबाद के प्रतिनिधि रवि सिन्हा, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि के अलावा अन्य पदाधिकारी एवं बैंक के समन्वयक उपस्थित थे।

# जेएनएमएस स्कूल में इंटर हाउस वॉलीबॉल चैंपियनशिप

**इंदिरा हाउस ने टैगोर हाउस को हराया, बालिका वर्ग में टीम बी विजयी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल डिगवाडीह,धनबाद में गुरुवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिन सह राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंटर हाउस वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 7 टीम ने भाग लिया। प्रसाद हाउस,पटेल हाउस,आजाद हाउस,इंदिरा हाउस,टैगोर हाउस,बालिका टीम ए एवं बालिका टीम बी शामिल थी। फाइनल मैच में इंदिरा हाउस ने 2 पॉइंट से टैगोर हाउस को पराजित किया, वहीं बालिका वर्ग में टीम बी 7 पॉइंट से विजेता रही। मुख्य अतिथि राजीव गांधी मेमोरियल टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज,डिगवाडीह के उप-प्राचार्य डॉ मुकेश तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि स्कूल की प्राचार्या रूना दुबे एवं धनबाद जिला योग संघ की महासचिव कुसुम महतो ने संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल,प्रशाशित पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के उप-प्राचार्य ने कहा कि स्कूल के सभी बच्चे मेहनती एवं कर्तव्यनिष्ठ हैं। विद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि उनका विद्यालय खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा चुका है। हमारा विद्यालय लगातार इस तरह की हेल्दी प्रतियोगिता का आयोजन कराता रहता है। निर्णायक मंडली में स्कूल के वरिष्ठ खेल शिक्षक अजय चौबे, राहुल आनंद, नागेंद्र पासवान, सुब्रता बोस एवं शुभम रजक शामिल थे।




**मौके पर थे मौजूद**

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक डॉ आर.एन.चौबे, प्रशांत श्रीवास्तव, प्रकाश उरांव, राखी गोस्वामी, दिनेश महतो, बुबुन दास, शशि भाटिया, अंशुमान पांडे, विक्रांत गुप्ता,अंकित केसरी, रेखा दत्ता, रमेश गोराई, अमित बनर्जी, परमजीत कौर, सिद्धार्थ कर्मकार, जूही कुमारी, साक्षी श्रीवास्तव, शुभ्रा त्रिपाठी आदि शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं स्कूल के सभी बच्चे मौजूद थे। समस्त जानकारी स्कूल के खेल शिक्षक राहुल आनंद ने दी।

## एक नजर में

### रागिनी सिंह ने घायल दिव्यांग को अस्पताल पहुंचाया, शुरू करवाया इलाज



**झरिया।** झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रवानी बस्ती निवासी 55 वर्षीय दिव्यांग विजय रवानी बस्तकोला में दुर्घटना के शिकार हो गए। वह अचेतावस्था में वहां पड़े थे। तभी धनबाद से झरिया आने के क्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने उसे देख अपना काफिला रुकवाया। वह घायल विजय रवानी के पास पहुंची और सहयोगियों की सहायता से अपने वाहन पर उन्हें झरिया स्थित नरेश प्रसाद अस्पताल भेजा, जहां उनका उपचार हो रहा है। भाजपा नेत्री ने डॉक्टर से बातचीत कर तत्काल प्रभाव से इलाज करने की बात कही। डॉक्टर ने उसकी हालत स्थिर बताई है।

### मधुबन वाशरी में 17 सूत्री मांगों पर वार्ता प्रबंधन ने दिया आश्वासन



**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र अंतर्गत मधुबन वाशरी में कार्यरत मजदूरों की 17 सूत्री मांगों पर वाशरी के सभागार में गुरुवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के प्रतिनिधि एवं वाशरी प्रबंधक के बीच वार्ता हुई। वार्ता में 25 दिनों के अंदर सभी मांगों के क्रियान्वयन का आश्वासन प्रबंधन ने दिया। इसके बाद यूनियन ने अनिश्चित कालीन धरना का निर्णय वापस ले लिया। वार्ता में मधुबन वाशरी के पीओ राजेश कुमार, उप प्रबंधक अभिजीत कुमार महतो, सिविल इंजीनियर रविंद्र रजक, सेफ्टी ऑफिसर वीरेन्द्र कुमार सिंह, पीएम एस यादव एवं यूनियन की ओर से जे के झा, धनंजय महतो, नकुल महतो, सीताराम कर्मकार, देवानंद राजभर तथा अन्य श्रमिक मौजूद थे।

### निरसा चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया मंडी टैक्स लगाने का विरोध



**मैथन।** निरसा चेंबर ऑफ कॉमर्स ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में सरकार द्वारा प्रस्तावित कानून कृषि उपज एवं पशुधन विधेयक (मंडी शुल्क) का विरोध किया। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के शिव कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस शुल्क के लगने से झारखंड के व्यापारियों का केवल व्यापार ही प्रभावित नहीं होगा, बल्कि उनका दोहन शुरू हो जाएगा। प्रेसवार्ता में सचिव राहुल तायल कोषाध्यक्ष, दिलीप मिश्रा एवं मुरली किशोर साहू, सुखेंदु दत्ता, मुरली मोहन अग्रवाल, रंजीत साहू, मधुसूदन गोराई, तेज प्रकाश खेड़िया, प्रमोद खेड़िया, इमरान आलम, सुरेश गोयल, सिंटू पाल आदि मौजूद थे।

### वंशवाद की राजनीति से विकास संभव नहीं : डिंपल

**धनबाद।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जेबीकेएस की बैठक सिजुआ व महुदा में हुई। सभा को संबोधित करते हुए धनबाद महानगर अध्यक्ष डिंपल चौबे ने कहा कि 24 वर्षों में झारखंड के लोगों को उनका अधिकार दिलाने में सभी राजनीतिक पार्टियां नाकाम रही जब तक वंशवाद की राजनीति होगी, झारखंड के लोगों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा। कहा कि विगत 24 वर्षो से सभी राजनीतिक पार्टियों के विचार को जनता समझ चुकी है। विधानसभा चुनाव में उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## गणेश महोत्सव की तैयारियां शुरू

**चतरा।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध चुन्दरू धाम परिसर में आगामी 7 सितंबर से गणेश महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। गणेश महोत्सव समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं, लेकिन कुछ लोग धार्मिक आस्था की आड़ में अश्लीलता परोसने की तैयारी कर रहे हैं। एक सितंबर से ही होटल वाटिका के समीप अश्लीलता से भरे थिएटर के आयोजन की जोरों पर तैयारियां की जा रही हैं। हिंदू जागरण मंच और बजरंग दल के विरोध के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने भी विरोध को लेकर कड़े तेवर अपना लिए हैं। ग्रामीणों ने सीओ विजय दास को थिएटर को बंद करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि थिएटर के आयोजन से क्षेत्र में अश्लीलता फैलेगी जिसका सीधा प्रभाव प्रसिद्ध गणेश पूजा मेला में आए माताओं एवं बहनों पर पड़ेगा और इससे मेला देखने आए लोगों के बीच आपसी झड़प और माहौल भी बिगड़ने की आशंका है।

## स्कूली बच्चों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय में 30 अगस्त को राजकीय मध्य विद्यालय में सुबह 10 बजे से स्कूली बच्चों के लिए एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में प्रखंड के 17 विद्यालयों के बच्चों की आँखों की जाँच की जाएगी। जिन विद्यालयों के बच्चों की आँखों की जाँच की जाएगी, उनमें प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर, प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारिसाखी, कस्तूरबा विद्यालय, मध्य विद्यालय गिद्धौर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरटा, तिलैया, बारियातु, सिंदुआरी, पेक्सा, गांगपुर, पहरा, मंझगावातरी, कन्या गिद्धौर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोन, इचाक, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चन्दाबांध और केंदुआ शामिल हैं। संबंधित विद्यालयों के एक शिक्षक को चिन्हित बच्चों को लेकर शिविर में आने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि 24 सितंबर को ही स्कूली बच्चों के नेत्र जांच के संबंध में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया था।

## बगैर चालान के बोल्डर लदे तीन हाइवा जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा–गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित बिड़ोमोह कर्बला चौक के समीप गुरुवार की देर शाम कोडरमा एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने बगैर चालान के बोल्डर लदे तीन हाइवा ट्रक को जब्त किया। इस संबा में एसडीपीओ ने बताया कि नवलशाही थाना भवन के करीब वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, इसी दौरान बोल्डर लदा तीन हाइवा जो घोरथम्बा की ओर से आ रही थी। उक्त स्थल पर पहले से मौजूद पदाधिकारियों ने हाइवा को रोककर चालक से बोल्डर से संबंति चालान की मांग की, चालक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन को जब्त कर नवलशाही थाना परिसर में अग्रेषित कार्रवाई के लिए सुरक्षित रखा गया है।

## समाजसेवी की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**मरकच्चो (कोडरमा)।** समाजसेवी नागेश्वर प्रसाद यादव की 19वीं पुण्यतिथि गुरुवार को प्रखंड के ग्राम गगरेसिंगा स्थित आवास पर मनाई गई। मौके पर दिवंगत यादव के पुत्र पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव एवं परिवार के सभी सदस्यों ने उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। मौके पर परिजन सहित समाजसेवी, प्रबुद्धजनों ने समाजसेवी स्व.यादव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति की प्रार्थना की। मौके पर जिप सदस्य गुड़िया यादव, मुखिया देवीपुर बेदु साव, बसंत साव, महेश यादव, बासुदेव यादव, मुकेश ठाकुर, मुकेश राम, विकास यादव, श्रीकांत यादव, पप्पू सिन्हा, पवन यादव, राजेंद्र यादव, सुदामा ठाकुर, बीरेंद्र मोदी, सोनू सिन्हा आदि दर्जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### डीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक सम्पन्न

# सर्वसम्मती से पारित हुई कई विकास योजनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) शासी परिषद की बैठक हुई। बैठक में उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में डीएमएफटी मद से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई और सभी सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए। पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों के आलोक में अब तक किए गए अनुपालन की जानकारी भी दी गई। बैठक में पूर्व से संचालित परियोजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और अनुमोदन के लिए प्रस्तावित योजनाओं पर चर्चा की गई।वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक कार्य योजना पर भी चर्चा हुई और अन्य योजनाओं को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**बैठक में कई विकास योजनाओं को मिली मंजूरी :** बैठक में पेयजल, पर्यावरण, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिलाओं और बच्चों का कल्याण, वृद्ध और दिव्यांग लोगों का कल्याण, कौशल विकास समेत अन्य क्षेत्रों के लिए कई विकास योजनाओं को सर्वसम्मति से प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। पेयजल योजना के तहत हाट बाजार में सोलर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निर्माण, चापानलो का अधिष्ठापन/मरम्मत, पर्यावरण योजना के तहत जला श्रोतों का उन्नयन, तालाब का निर्माण, चेकडैम का निर्माण/उन्नयन, वृक्षारोपण कार्य आदि शामिल हैं। स्वास्थ्य देखभाल योजना के तहत अस्पताल परिसर में हाई मास्ट लाइट, स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन, स्वास्थ्य केन्द्रों में भवनों का निर्माण/ उन्नयन, शौचालय निर्माण/ उन्नयन, पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, कुलिंग वाटर सिस्टम का अधिष्ठापन, मरीजों के अटेंडेंट के लिए आधारभूत संरचना का निर्माण, आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति, भूमि समतलीकरण/ कार्डेनिंग एवं वृक्षारोपण कार्य आदि शामिल हैं। बैठक में नए पीएमयू के गठन पर चर्चा हुई क्योंकि पुराने पीएमयू का कार्यकाल समाप्त हो गया है और उसका कार्य संतोषजनक नहीं रहा है। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट कार्यों की ऑनलाइन निगरानी के लिए नए पीएमयू के गठन पर सहमति बनी। 2024- 25 के लिए कई वार्षिक कार्य विकास योजनाओं को अनुमोदित किया गया है। उक्त बैठक में उक्त के अलावे उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, जिले के सभी कार्यालय प्रधान, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'फिट इंडिया' अभियान के तहत एक भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीबॉल, खोखो, शतरंज, नींबू-चम्मच दौड़ आदि। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी शारीरिक क्षमता और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया गया याद

**कोडरमा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल परिवार के द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। शिक्षकों और बच्चों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और खेल के क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ाने के लिए उनके योगदान को याद किया। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुझे महान मेजर ध्यानचंद की अविश्वसनीय विरासत की याद आ रही है।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल में खेल दिवस मनाया गया। वहीं भारतीय हॉकी टीम को सफलता दिलाने वाले पद्म भूषण से सम्मानित मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देते हुए विद्यालय में छात्रों के बीच कई प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रतियोगिता आरंभ करने से पूर्व विद्यालय प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार के द्वारा मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं असेंबली में विद्यालय के छात्र अपने भाषण द्वारा मेजर ध्यानचंद की जीवनी के साथ-साथ हॉकी के खेलों में उनकी प्रतिभाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के किड्स पैराडाइज के बच्चों के बीच छोटे-छोटे विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें छोटे बच्चे बड़े उत्साह के साथ भाग लिए। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों के उत्साह को और बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किये गये। वहीं पहली से पांचवीं कक्षा के छात्रों के बीच स्क्रैप बुक एक्टिविटी कराई गई, जिसमें छात्रों ने मेजर ध्यानचंद की तस्वीर एवं खेलों के विभिन्न सामानों के चित्र चिपकाकर उनके बारे में कई प्रेणात्मक बातें लिखी। जिसमें पहली कक्षा से अभिक, अनमोल, श्रव्या खेतान, अक्षत कुमार, संभव तरवे एवं शैली प्रिया ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दूसरी कक्षा से संस्कार कुमार, सात्विक कुशवाहा, महक एंजल, सात्विक पांडे एवं श्रेष्ठा बनर्जी ने उम्दा प्रदर्शन किया। वहीं तीसरी कक्षा से सहस्य सिंह, अजितेश मु, इरम फातिमा, शादी हयात खान एवं ऋषित भोजनवाला ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। चौथी कक्षा से कक्षा तनवीर, यशूता किशोरी, अर्पिता आर्या, आरिफा आज़म एवं समृद्धि कुमारी ने बेहतर प्रदर्शन किया और इसके साथ ही पांचवी कक्षा से आशी केशरी, लेवेश अग्रवाल, शौर्य अग्रवाल दिव्यांश खाटूवाला और अरनव शर्मा भी बेस्ट परफॉर्मेंस के रूप में उभर कर सामने आए। इन प्रतियोगिताओं के अलावा छठी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों के बीच अंतर सदन लगोरी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें चारों सदन के सभी खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने-अपने क्षमता के अनुसार प्रदर्शन किया।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गयी। बैठक में सड़क दुघर्टना की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, गुड सेमरेटन, अतिक्रमण, सड़क जागरूकता कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने डीटीओ सौमित्र शुक्ला को निर्देश देते हुए कहा कि सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वाले एवंबिना शीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों का नियमित रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही आमजनों के बीच हेलमेट पहनने एवं सीट बेल्ट लगाने को लेकर नियमित रूप से जागरूकता अभियान का आयोजन करें। उपायुक्त ने एनएच को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़को पर जहां जहां पानी का जमाव होता है, वहां ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था दुरुस्त करना सुनिश्चित करें। शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, डीटीओ विजय कुमार सोनी, सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद थे।

एक नजर में

## हंटरगंज थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, हंटरगंज थाना अंतर्गत सोहाद में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान हरियाणा निर्मित 341 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब में ब्लैक डॉट व्हिस्की के 750 मिलीलीटर की 103 पेटी, 375 मिलीलीटर की 118 पेटी और 180 मिलीलीटर की 120 पेटी शामिल हैं। कुल मिलाकर, 3025.800 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई।

**हरियाणा निर्मित 341 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद**

अवैध शराब के इस कारोबार में शामिल आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

अधीक्षक उत्पाद, चतरा ने बताया कि बरामद शराब की खेप हरियाणा राज्य में निर्मित है और यह शराब का ब्रांड झारखंड राज्य में पंजीकृत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आगे भी सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला खनन टास्क फोर्स समिति कोडरमा मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन/ परिवहन/ भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने खनन टास्क फोर्स की टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन/परिवहन/भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी सघन कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा। साथ ही अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर अवैध रूप से बालू परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सौमित्र शुक्ला समेत अन्य मौजूद थे।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रांची महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड के निर्देश पर कोडरमा पुलिस के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण के साथ ही पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। उक्त संदर्भ में कोडरमा जिला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत दो सितंबर सुबह 11 बजे से की जा रही है। जिसको लेकर बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन कोडरमा में कोडरमा, तिलैया, मरकच्चो एवं डोमचांच थाना क्षेत्र, जयनगर थाना में जयनगर, चन्दवारा एवं तिलैया डैम ओपी थाना क्षेत्र व सतगांवा थाना में सतगांवा, ढाब, नवलशाही थाना के आम जनता अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर पहुंचेंगे। मौके पर डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# ग्रिजली कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद याद किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न खेलों जैसे चेस, कैरम, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात् विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग कर अपने अंतर्निहित प्रतिभा से पहचान कराया। जिसमें लूडो गर्ल्स गेम्स में प्रथम स्थान रजनी कुमारी एवं द्वितीय स्थान मनीषा कुमारी, लूडो बॉयज गेम्स में प्रथम स्थान खुबलाल साव, द्वितीय स्थान शशांक सोनकर एवं तृतीय सूरज कुमार, चेस गर्ल्स गेम्स में प्रथम स्थान कुमारी अनुराधा एवं चेस बॉयज में प्रथम स्थान रिंकेश कुमार सिन्हा, बैडमिंटन बॉयज में सूरज कुमार एवं पिंटु कुमार दास एवं बैडमिंटन गर्ल्स गेम्स में प्रथम स्थान वैभवी श्री एवं रजनी कुमारी, कैरम बॉयज गेम्स में प्रथम स्थान पिंटू कुमार दास एवं द्वितीय स्थान सुहैल अख्तर एवं कैरम गर्ल्स गेम्स में प्रथम स्थान कुमारी खुशबू रानी एवं द्वितीय स्थान उषा कुमारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाकिारी सौरभ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद हमारे शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रखता है। साथ ही इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जीवन एवं उनके द्वारा राष्ट्रीय खेल हॉकी में दिए गए विभिन्न ऐतिहासिक योगदानों से अवगत कराया व प्रतिभागियों को उनके बेहतर प्रदर्शन कि सराहना किया।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मना, विद्यार्थियों ने खेलों में लिया भाग



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस पर सर्मपित राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूल के कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य राहुल घोष ने विद्यार्थियों को खेल दिवस की महत्ता बताकर की। इस दौरान विद्यार्थियों में वन लैग दौड़, जंप दौड़, थ्री लैग दौड़, रिले दौड़, 50 मीटर दौड़, बैक दौड़ आदि के मुकाबले करवाए गए। इस मौके स्कूल की निर्देशिका सम्पा सिंह ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ बनाए रखना, मस्तिष्क की क्षमता विकसित करना, रणनीतिकता का अभ्यास करना और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। इन मुकाबले में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को इनाम बांटे गए।

## दस दिवसीय बांस कला प्रशिक्षण की शुरूआत

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत भोंडो पंचायत अंतर्गत भोंडो गांव में हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वाधान में 10 दिवसीय बांस कला प्रशिक्षण की शुरूआत की गयी। वहीं उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया कोमल देवी ने कहा कि हम कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी आजीविका को सुदृढ़ एवं सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर महिलाओं के सहयोग के लिए काम किया जा रहा है, चाहे सरकार हो या विभिन्न गैर सरकारी संस्थाएं सभी महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं और इस अवसर को हर महिला को स्वीकार कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मौके पर कोमल देवी, रवि रंजन, राजेश कुमार, समेत सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

### योग्य लाभुकों के चयन के लिए जिला अपीलीय समिति की बैठक

# योग्य लाभुकों को दिया जाएगा आवास का लाभः डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में योग्य लाभुकों के चयन के लिए जिला अपीलीय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त रमेश घोलप ने की और राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल और अन्य सदस्य भी मौजूद थे।समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विभागीय संकल्प के अनुसार सभी पात्रता पूरी करने वाले योग्य लाभुकों को नियमानुसार शर्तों के साथ लक्ष्य के अनुरूप अनुमोदित किया जाएगा। ग्राम सभा/ पंचायत/ प्रखंड द्वारा अयोग्य किए गए लाभुकों या शिकायत पत्रों पर संबंधित सभी प्रखंड स्तरीय समितियाँ अनुमंडल स्तरीय समिति को रिपोर्ट देंगी। अनुमंडल स्तरीय समिति जाँच कर अपनी रिपोर्ट जिला स्तरीय समिति को सौंपेगी, जिसके बाद जिला समिति अंतिम रूप से सभी शिकायतों पर निर्णय लेगी।

## माले प्रखंड कमेटी की बैठक संपन्न

**जयनगर (कोडरमा)।** माले प्रखंड कमेटी की बैठक पिपचो में प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में की गयी। वहीं 9 सितंबर को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में एकता रैली को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं राज्य कमेटी सदस्य मो.इब्राहिम ने कहा कि यह रैली मजदूरों, किसानों, छात्र नौजवानों, महिलाओं की एकता रैली है। यह रैली कॉरपोरेट लूट और मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जनता की एकजुटता की रैली है। बैठक में शंभू नाथ वर्मा, सुरेंद्र सिंह, मुंना यादव, रामचंद्र साव, शारदा देवी, मोती पासवान, दुलारचंद दास, किसुन दास आदि लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में 65 वर्षीय अधेड़ की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोवाड मुख्य मार्ग मरकच्चो बाजार के समीप ब्रह्मटोली में सड़क दुर्घटना में 65 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं मृतक की पहचान केदार सिंह पिता स्व. बन्धन सिंह मरकच्चो थाना क्षेत्र के पपलो पंचायत स्थित ग्राम नावडीह निवासी के रूप में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाईकिल संख्या जेएच12जे-5931 से मरकच्चो से अपना घर नावाडीह जा रहा थे तभी उसी दिशा से जेएच11एच-9091 ट्रक भी आ रही थी जो पास लेने के दौरान मोटरसाईकिल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों ने सड़क को घटना स्थल के पास लगभग ढाई घण्टे जाम कर दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी मरकच्चो सौरभ शर्मा दल बल के साथ पहुंचे और मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। वहीं ट्रक को ग्रामीणों के द्वारा बरहमसिया चौक पर पकड़ा गया।

# अकूत संपत्ति के मोह में फंसे धनबाद के प्रधान आयकर आयुक्त

**● सीबीआई ने संतोष कुमार सहित पांच लोगों को पटना में कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है, पूछताछ में कई और नाम आ सकते हैं सामने**




खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** सीबीआई की चपेट में आये प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार बड़े रसूख वाले अधिकारी थे। अविभाजित बिहार के समय लालू राज में इनकी तूती बोलती थी। उस जमाने में माडा कैंपस में आयकर कार्यालय था जहां इन्हें अकूत धन का मालिक कहा जाता था। कई लोग इनके कार्यालय को अय्यासों का अड्डा भी कहते थे। क्योंकि कार्यालय में सरकारी कामकाज सलटाने के बाद जाम भी छलकती थी। पान, गुटखा, सिगरेट और अश्लील गपशप भी होती थी। जब ऑफिस से मनभर जाता था तो पास में मौजूद धनबाद क्लब में इनकी अड्डेबाजी होती थी। वासेपुर का खां और डॉ प्रणय पूर्वे का भी उस दौर में क्लब में आना-जाता होता था। इनकी रिश्वतखोरी से जुड़े सिंडिकेट के कई लोग भी शामिल होते थे। देर रात तक रसूखदारों के आयकर से जुड़े मुद्दों पर बातचीत होती है। अलग-अलग लोगों के लिए रकम तय की जाती थी, जिसे वसूलने का काम सिंडिकेट के लोग किया करते थे। इसके बाद इनका मुंबई तबादला हो गया, कई अलग-अलग स्थानों पर काम करने के बाद भी धनबाद से इनका मोह नहीं छूटा। अंत में रिटायरमेंट के समय पटना के अलावा इन्हें धनबाद का प्रभार मिला। अगले माह 30 सितंबर को इनका रिटायरमेंट होने वाला था। इससे पहले सीबीआई के हत्थे चढ़ गये। ऐसे समय में इनकी गिरफ्तारी हुई जब धनबाद में इनके तमाम शुभचिंतक गायब हो चुके थे। इनके साथ चपेट में वही आये जो कारोबारियों से सेटिंग का धंधा करते थे।

सीबीआई ने संतोष कुमार सहित पांच लोगों को पटना में कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है। पूछताछ में कई और नाम सामने आ सकते हैं।

### सिंडिकेट में इन लोगों का नाम आ चुका है सामने

सीबीआई ने दावा किया है कि प्रधान आयकर आयुक्त ने करदाताओं से अवैध वसूली के लिए अपना एक अलग सम्राज्य बना रखा था। जिसमें धनबाद के अशोक चौरसिया, अनिल सांवरिया, धीरज सिंह, अमर दारूका, नीरज कुमार अग्रवाल सहित आईटीओ प्रभाकर प्रसाद, विकास कुमार का नाम शामिल है। ये लोग जिन करदाताओं को लाभ पहुंचाने का काम करते थे, इसमें ओपी अग्रवाल, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, नवीन कुमार, अरूण सिंह, पाकुड़ के हकीम मोमिन, जमशेदपुर के कौशल सिंह शामिल हैं। इसके अलावा सीबीआई गोविंदपुर रोड स्थित एक निजी स्कूल के संचालक के आवास पर भी दबीश दे चुकी है। संचालक पर आरोप है कि वह टैक्स में राहत पाने के लिए संतोष कुमार को घुस पहुंचाता था।

### 10 लाख पाने के चक्कर में फंसे

धनबाद के प्रभारी आयकर आयुक्त 10 लाख रुपया रिश्वत लेने के चक्कर में आज सुर्खियों में बने हुए हैं। बताया जाता है कि मटकरिया निवासी गुरपाल सिंह, जीटीएस आउटसोर्सिंग कंपनी तथा ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाता था। आयकर में राहत पाने के लिए शुरुआत में आयकर आयुक्त को दो लाख रुपया देने के लिए तैयार था। लेकिन रकम कम होने के कारण आयुक्त ने इंकार कर दिया। उन्होंने उससे 10 लाख रुपया की डिमांड की। बाद में गुरपाल यह रकम देने के लिए तैयार हो गया। आयुक्त के निर्देश पर पटना जाकर उनके ममेरे भाई राजीव कुमार उर्फ चिंकू को रुपया पहुंचाया। इस बात की भनक सीबीआई को लगी। उसके बाद सीबीआई की टीम ने पटना आयकर भवन में आयुक्त के सीनियर पीएस संतोष पासवान के रूम नंबर 223 स्थित आफिस से रुपया बरामद किया। उसके बाद पूरे मामले का उद्भेदन हुआ।

## एफसीआई सिंदरी ने लीज के आवासों का स्टेटस रिपोर्ट मांग कर फैलाई दहशत

**सिंदरी।** एफसीआई सिंदरी प्रबंधन ने सेवानिवृत्त वीएसएस कर्मियों और उनके आश्रितों से उनके लीज आवासों का स्टेटस रिपोर्ट मांगकर दहशत फैला दी है। लीज आवासों के लीजधारकों को एक सप्ताह के भीतर प्रबंधन को बताना है कि उनके नाम पर लीज पर आवंटित आवास में वे और उनका परिवार ही रहता है। लीजी आवास में कोई भी दूसरा व्यक्ति भाड़े पर रहता पाया गया तो सेवानिवृत्त कर्मी के आवास का लीज रद्द कर दिया जाएगा। इसके पहले एफसीआई प्रबंधन ने एसएलटू, मनोहरटांड़, डोमगढ़ और रोहड़ाबाँध सहित विभिन्न राजनीतिक दलों को नोटिस जारी कर एक निश्चित अवधि में आवास खाली करने का फरमान जारी कर पूरे शहर में दहशत फैला दी थी। सिंदरी नगर भाजपा अध्यक्ष अरविंद पाठक और जिला महामंत्री मनोज मिश्रा ने खाद कारखाना प्रबंधन द्वारा आवासों के संबंध में लगातार जारी किए जा रहे फरमानों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। कहा है कि प्रबंधन की मंशा शहरवासियों को अशांत कर शहर को खाली कराना है, जबकि केंद्र की मोदी सरकार बेघरों को घर देने के लिए कृत संकल्प है। नेताओं ने इस संबंध में केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री को पत्र देकर मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया है।

# समाज के विकास के लिए संस्कार युक्त शिक्षा जरूरी : अपर्णा सेनगुप्ता

**● एकल विद्यालय के आचार्यों का अभ्यास वर्ग का समापन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** साहू धर्मशाला, निरसा में एकल विद्यालय के आचार्यों का अभ्यास वर्ग का समापन गुरुवार को हो गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए संस्कार युक्त शिक्षा जरूरी है। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में विलुप्त हो रहे संस्कारों को बचाने का प्रयास एकल विद्यालय की ओर से पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निरसा विधानसभा क्षेत्र के दूरदराज 90 गांवों में पंचमुखी शिक्षा के जरिये सर्वांगीण विकास हेतु एकल विद्यालय प्रयासरत है। पांच आयाम में प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से गांव के 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा खेल, गीत, कहानी के माध्यम से दी जाती है। दूसरा आरोग्य शिक्षा के माध्यम से गांव की महिलाओं को संगठित कर गांव को रोग मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। तीसरा काम गांव के किसानों के विकास के लिए जैविक खेती पर विशेष जोर दिया जाता है। चौथा कार्य आरटीआई के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव के लोगों को दी जा रही है। अभ्यास वर्ग को संजय सिंह, अमरेंद्र मिश्र, धनंजय दास, आशिक मुर्मू, कृष्ण मोहली, रानी मरांडी, कथा व्यास भानु महतो आदि ने भी संबोधित किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर डीवीसी कर्मियों को दिलाई गई फिट इंडिया की शपथ



**मैथन।** डीवीसी मैथन परियोजना में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक सह परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने डीवीसी कार्मियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सक्रिय और स्वस्थ जीवन के लिए खेलकूद आवश्यक है। स्वास्थ्य के लिए अपनी दिनचर्या से 30 मिनट समय फिटनेस के लिए अवश्य निकालें और परिवार के अन्य सदस्यों सहित पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें। श्री दुबे ने कहा कि खेलने से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मन और मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। खेल जैसी गतिविधियां ब्लड सर्कुलेशन, मूड और मानसिक स्वास्थ्य को सही करती है। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक संजीत कुमार सिन्हा, वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव, अभिजीत चक्रवर्ती, राम स्नेह शर्मा, संजय शर्मा, सुरेंद्र कुमार साहू, पार्थ सारथी मुखर्जी उज्जवल बनर्जी व अनेक कार्मिक मौजूद थे।

## बढ़ते अपराध से बचने के लिए बच्चियों को किया गया जागरूक



**कतरास।** लायंस क्लब कतरास की तरफ से राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्कूल की बालिकाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित और जागरूक किया गया। बच्चियों को बढ़ते अपराध और आए दिन की घटनाओं के संदर्भ में उन्हें सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। मौके पर लायंस क्लब कतरास की डॉ मधुमाला, अंजनी देवी, कुमारी राधा, प्राचार्य सुमन मिश्रा, शिक्षिका दीपाली एवं सभी शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

# दोषी अभिभावकों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : एसएसपी

**वाहन चलाने वाले स्कूली बच्चों के विरुद्ध धनबाद पुलिस का**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिले में यातायात प्रबंधन व सड़क हादसों की रोकथाम के लिए धनबाद पुलिस ने अभियान छेड़ा है। एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी अरविंद सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने दो पहिया वाहन चलाने वाले स्कूली बच्चों की पहचान के लिए गुरुवार को विशेष जांच अभियान चलाया। डिनोबली स्कूल सीएमआरआई के पास कुल 16 नाबालिग छात्रों को दो पहिया वाहन के साथ रोका गया। पूछताछ के बाद वाहन को जब्त करते हुए छात्रों के अभिभावकों को सूचित कर स्कूल बुलाया गया।

**अभिभावक स्कूली बच्चों को वाहन न दें :** एसएसपी ने धनबाद के सभी नागरिकों से यातायात नियमों के पालन की अपील की है।

उन्होंने अभिभावकों से स्कूली बच्चों को वाहन न देने की हिदायत दिया और अन्य सुरक्षित विकल्प के साथ साइकिल मुहैया कराने का सुझाव दिया।

### एसएसपी ने अभिभावकों को दी कड़ी हिदायत

एसएसपी अभिभावकों को लापरवाही पर कड़ी हिदायत दी है। अगली बार दोषी पाए जाने पर सभी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की बात कही। कहा कि पुलिस यातायात जागरुकता अभियान व पुलिस की पाठशाला के जरिए लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। बावजूद लापरवाही बरतने वालों का वाहन जब्त करते हुए चालान व रजिस्ट्रेशन रद्द करने और अदालत में प्रतिवेदन सुपुर्द करने का निर्देश दिया गया। एसएसपी ने स्कूल प्रबंधन को भी वाहन चलाने वाले बच्चों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही को रोकने की सामूहिक जिम्मेवारी अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन की भी है। भविष्य में अगर स्कूल की तरफ से लापरवाही साबित हुई तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई के लिए संबंधित बोर्ड को पत्र भेजा जाएगा।

## गिरिडीह के 38वें एसपी के रूप में डॉ. बिमल कुमार ने लिया प्रभार




**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के 38वें एसपी के रुप में डॉ. बिमल कुमार ने गुरुवार को पपरवाटांड एसपी कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया। बता दें कि पूर्व एसपी दीपक कुमार शर्मा ने विधिवित रूप से नए एसपी डॉ. बिमल कुमार को प्रभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण के पहले पुलिस कार्यालय में नए एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद दोनों एसपी ने एक-दूसरे को बुके देकर स्वागत किया। जबकि पुराने एसपी को विदाई दी गई। इस दौरान सदर एसडीपीओ विनोद रवानी, डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद, डीएसपी अंकिता राय, प्रशिक्षु डीएसपी नीलम कुजूर, कैलाश महतो, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, पचंबा थाना प्रभारी मंटु कुमार और मेजर राकेश रंजन समेत कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे। इस दौरान एसपी ने कहा कि पिछले एक साल में अपराध के खिलाफ पूर्व एसपी ने जो उपलिब्धयों को हासिल किया वो जारी रहेगा, आर्थिक अपराध पर नियंत्रण पाने का प्रयास होगा।

## प्रतिमा सूत्रधर पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सिंदरी।** सिंदरी के आरएमकेफोर 315 निवासी गोविंद सूत्रधर की पत्नी प्रतिमा सूत्रधार पर जन्माष्टमी की शाम बंसूला से हमला करने वाले आरोपी आकाश पाल को बलियापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कल्याण केंद्र के समीप झोपड़ी निवासी स्व. शम्भू पाल के पुत्र आकाश को बलियापुर पुलिस ने घटना के 48 घंटे में टासरा प्रोजेक्ट के समीप से गिरफ्तार किया। गुरुवार को सिंदरी कार्यालय में एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत ने प्रेसवार्ता कर बताया कि मंगलवार को गोविंद की लिखित शिकायत पर बलियापुर पुलिस ने केस संख्या 121/24 दर्ज कर लिया था। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती के नेतृत्व में आरोपी आकाश पाल को बुधवार की रात गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल में बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती, एएसआई भीम कुमार यादव, हवलदार टिंकू यादव, जमेदार गंझू और सुरेंद्र प्रसाद शामिल थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वन जिला वन एक्टिविटी के अंतर्गत स्तुति बैंक्विट हॉल सिहोडीह गिरिडीह में लायंस क्लब आफ गिरिडीह एलिट द्वारा गिरिडीह जिला के विभिन्न खेलों से संबंधित प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं उनके कोचों को साल, बुके तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आशीष कार्यक्रम में गिरिडीह जिला के क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, ताइक्वांडो तथा फुटबॉल आदि खेलों के 13 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जोन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि हमारे जिला में कई प्रतिभावान खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिल पाता है तथा सुविधाओं की कमी के कारण वह आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। ऐसे में हमारा क्लब उन्हें सभी प्रकार का सहयोग देगा। क्लब अध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद ने कहा कि आज उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित कर हमें अच्छा लग रहा है तथा उनके अभिभावकों से भी आग्रह है कि अपने बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करें। उनकी शारीरिक तथा बौद्धिक क्षमता वृद्धि के लिए खेलकूद जरूरी है।

इस कार्यक्रम में क्रिकेट खिलाड़ी प्रेम सिंह, कबड्डी खिलाड़ी विवेक रंजन तथा संजय कुमार, ताइक्वांडो खिलाड़ी तनीषा आर्य तथा नयन भट्टाचार्य, बैडमिंटन खिलाड़ी आदर्श कुमार पांडे अंकित कुमार मंडल सहित कई खिलाड़ी और कोचों को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट के निदेशक लायन संजय कुमार सिंह, जिला चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता, क्लब सचिव लायन सुदीप गुप्ता, लायन राहुल कुमार, लायन राहुल बर्मन,लायन शत्रुघ्न सिंह, लायन अवनीश कुमार अंशु सहित क्लब के कई सदस्य कई सामाजिक कार्यकर्ता तथा अभिभावक उपस्थित थे।

### मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में खेल उत्सव मना



**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर खेल उत्सव मनाया गया। पवन सुत हनुमान एवं ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उत्सव शुरू किया गया, जिसमें विद्यालय के लगभग 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। उद्घाटन में विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने बच्चों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल-कूद आगे बढ़ने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। इस अवसर पर 300, 500 एवं 1000 मी दौड़, शतरंज ,कबड्डी ,रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उत्सव को खेल विभाग के प्रमुख आलोक चौधरी, गौरी शंकर सिंह, वेणु रानी ,चंदन सिंह, अलीशा, कुसुम एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संपन्न कराया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सह सचिव दीपक रूइया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, सुमोना दीक्षित ने विजयी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### 12 लाख की विकास योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**झरिया।** स्थानीय विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के विधायक मद से स्वीकृत लगभग 12 लाख रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास उनके प्रतिनिधि के डी पांडेय एवं सूरज सिंह ने गुरुवार को किया।

सूत्रों के अनुसार स्वीकृत योजनाओं में 3,88,600/- रुपये की लागत से शिमला बहाल बस्ती में साजिदं दुकान से शंभू साव के घर की तरफ पीसीसी सड़क निर्माण। 3,78,800 रुपये की लागत से बोर्रागढ़ बस्ती में श्याम लोहार के घर के बगल में सामुदायिक विवाह भवन, 1,43,400 रुपये की लागत से लोदना मोड तारिणी के घर से पप्पू चौरसिया के घर तक नाली निर्माण और 2,89,150 रुपये की लागत से पोद्दारपाड़ा में दुर्गा मंदिर व रामजी सिंह के घर से हाफिज कुरैशी के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण शामिल है। शिलान्यास अनन्यन गिरि, सुबोध सिंह,अजय सिंह, सूरज सिंह,श्याम सिंह, राकेश, मुनु दा, सुधीर यादव, संजय यादव, विनोद यादव, रंजीत यादव, राहुल कुमार, हलीम अंसारी, राजा अंसारी, मिथिलेश यादव, फारूक, नितीश कुमार राम, अकील अंसारी, पप्पू चौरसिया, सद्दाम आजाद, पवन राम,शिवकुमार यादव,राम जी सिंह, बसंत केवट, प्रथम रजक, राजू साव, सुशांतो दत्ता, सूर्यकांति देवी आदि मौजूद थे।

### सूड़ी समाज ने की विस चुनाव में टिकट की मांग



**धनबाद।** राष्ट्रीय सूड़ी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को गोंसाईडीह में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिंदरी विधानसभा प्रभारी पवन साहू से मुलाकात की। राष्ट्रीय संयोजक रणवीर मंडल ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने अब तक सूड़ी समाज को नजरअंदाज करने का काम किया है। लेकिन अब यह समाज चुप नहीं बैठेगा। इस बार विधानसभा चुनाव में समाज के किसी भी व्यक्ति को टिकट नहीं मिला तो आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। सिंदरी, निरसा, टुंडी, बगोदर, गिरिडीह, गांडेय, बरकट्ठा, हजारीबाग,जामताड़ा, गोड्डा, पोड़ैयाहाट एवं इचागढ़ क्षेत्र में समाज की बड़ी आबादी निवास करती है। इसलिए इन क्षेत्रों में समाज को टिकट मिलना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि भाजपा के संगठन मंत्री के साथ मिलकर मांग पत्र दिया जाएगा। हमारी ओर से भी पूरी कोशिश रहेगी कि समाज के लोगों को नेतृत्व करने का अवसर मिले। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष विक्रांत उपाध्याय, समाज के प्रकाश मंडल, हिमांशु मंडल, माथुर मंडल, विकास मंडल आदि मौजूद थे।

### तोपचांची प्रखंड मुखिया संघ आज देगा धरना



**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड मुखिया संघ का बैठक गुरुवार को चितरपुर पंचायत में हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के अनिश्चितकालीन धरना पर चर्चा की ई। संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने कहा कि लंबित मांगों को पूरा करने के लिए अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। कल शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड परिसर में संघ की ओर से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुखिया जायज सरकार से जायज मांग कर रहे हैं। सरकार को संघ की मांगें मान लेनी चाहिए। मौके पर मुखिया सीताराम महतो, प्रसिद्ध सिंह, सरवर खान, उमेश महतो, कपिल सिंह, जमील अंसारी, भागीरथ महतो, अजमत अंसारी आदि मौजूद थे।

### भाकपा माले-मासस की एकता रैली 9 सितंबर को



**कुमारधुबी।** भाकपा माले और मासस की 9 सितंबर को धनबाद में एकता रैली व सभा की तैयारी को लेकर 28 अगस्त को देर शाम माले की विशेष बैठक मैथन रोड स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में भाकपा माले सदस्य कालीमंडा निवासी मोहन भगत के निधन पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि माले-मासस एकीकरण के जरिये लाल-हरे झंडे की नयी एकता कायम होगी। झारखंड में फासीवाद को धूल चटाओ नारा बुलंद करते हुए 9 सितंबर को धनबाद गोल्फ ग्राउंड में रैली व सभा को ऐतिहासिक बनाना है। बैठक में किसान-मजदूर,छात्र-नौजवान,महिलाओं की भागीदारी पर जोर देना है। बैठक में जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, नागेन्द्र कुमार, मनोरंजन मलिक, हरेन्द्र सिंह, जगदीश शर्मा, असीम घोष, तपन मलिक, मनोज पांडेय, सानू रंजन मलिक आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल लीग का आयोजन



धनबादः राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को भितिया स्टेडियम में आयोजित फुटबाल लीग मैच का आयोजन किया गया। रविंद्र संघ गोमो 7--1 से राइजिंग एफ सी को पराजित किया। रविंद्र संघ के राकेश मुंडा तीन गोल, पंकज हेंब्रम व रोहित महतो ने दो गोल किए। राइजिंग के आदित्य एक गोल किया। निर्णायक की भूमिका संजय हेंब्रम, प्रकाश महतो, दिलीप महतो,धणपति पांडे ने निभाया।मैथन स्टेडियम मे खेल गए मैच मे जे एफ सी मैथन 9--1 बिरसा मुंडा क्लब को पराजित किया। मैथन के विवेक तावेदार चार, नकुल मुर्मू दो, शंकर हासदा, मिहिलाल मरांडी व विजय टुडू ने एक एक गोल किया। बिरसा मुंडा का एकमात्र गोल दीपक किस्कु ने किया। निर्णायक की भूमिका चिंटू हाजरा, सूदन लाल सोरेन, जेबियर टुडू, संजय सोरेन ने निभाया।

### बस्ताकोला ऑफिसर्स क्लब में विजिलेंस सतर्कता पर कार्यक्रम



**बस्ताकोला।** बस्ताकोला ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को विजिलेंस सतर्कता जागरुकता महीना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यालय से आए विजिलेंस जीएम बीबी सिंह ने लोगों को काम के दौरान मापदंड को पूरा करने की सलाह दी। कहा कि जागरुकता के अभाव में लोग परेशान होते हैं। इस दौरान बीसीसीएल के साथ काम करने वाले वेंडर भी भारी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सभी अर्हता पूरा रहने पर कोई विभागीय परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ बस्ताकोला महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर किया। मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारी सतीश मिश्रा, कुमार वेद, देवाशीष बाग, राजीव वर्मा, रामायण चौधरी, अशोक राय, दीपक उदानी आदि मौजूद थे।

### अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**झरिया।** झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शिमला बहाल निवासी अल्प संख्यक समुदाय के स्थानीय लोगों ने सैंकड़ों की संख्या में आज झरिया बिहार बिल्डिंग कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह के प्रति आस्था व्यक्त कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्रीमती सिंह ने सभी को भाजपा का पट्टा पहनाकर संगठन में स्वागत किया। लोगों ने अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। वर्तमान सरकार या स्थानीय विधायक से उनके कार्यकाल में किसी भी प्रकार की सहायता नहीं मिलने की बात कही और बताया कि इसका जवाब आने वाले विधान सभा चुनावों में हम भाजपा के पक्ष में मतदान देने का काम करेंगे। श्रीमती सिंह ने उन्हें उनकी समस्याओं को सुन हर संभव सहायता करने की बात कही ।

### नारायणपुर प्रखंड में सरकार आपके द्वार आज से



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक प्रखंड की सभी पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन होगा। नारायणपुर प्रभारी बीडीओ कमलेश ने बूटबेरिया एवं चम्पापुर पंचायत में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। शुक्रवार से नारायणपुर प्रखंड के केंद्रों पंचायत से कार्यक्रम का शुभारभ किया जाएगा। शिविर में बीडीओ, अंचलाधिकारी तथा बाल विकास पदाधिकारी के अलावा सभी विभागीय पदाधिकारी राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तत जानकारी देंगे। शिविर में आमजनों से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किया जाएगा। आवेदनों की प्राप्ति तथा ऑन द स्पॉट लाभों के वितरण की जानकारी पोर्टल में अपडेट करना अनिवार्य होगा। शिविर में झारखंड मंइयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ट, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति, आय, जन्म, मृत्यु तथा दिव्यांगता प्राण पत्र के लिए आवेदन लिया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### लोहरदगा : देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार



लोहरदगा। जिले के पुलिस कप्तान हारिश बिन जमा को मिले गुप्ता सूचना के आधार पर किस्को थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ धर दबोचा। एसपी हारिस बिन जमा ने बताया की उन्हें गुप्त सूचना मिली थी की किसको क्षेत्र में एक व्यक्ति हथियार के साथ घूम रहा है। जिसके बाद उन्होंने किसको के इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने सेमरडीह निवासी उदित उरांव के घर में छापेमारी की जिसमे उसके कमरे में रखे एक देशी कट्टा बरामद किया गया। उदित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उदित पूर्व में भी दो मामले में अभियुक्त रह चुका है। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी हर्षवर्धन कुमार सिंह और पुलिस बल का योगदान रहा।

### गुमला : राष्ट्रीय खेल दिवस पर लायंस क्लब ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित



गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तेलंगा खड़िया स्टेडियम में गुमला के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला के संयोजक सैयद जुनून रैन ने खिलाड़ियों को एक मंच पर इकट्ठा कर लायंस क्लब से परिचय करवरकर उन्हें सम्मानित कराया। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए अध्यक्ष ला.राजकुमार अग्रवाल सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल ने कहा आज का दिन हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि आज हम अपने खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहे हैं। आप सभी ने अपने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और देश का नाम रोशन किया है। आपकी मेहनत और समर्पण को सलाम है। सम्मानित होने वालों में राष्ट्रीय खिलाड़ी नीरज महतो, दीपक कुमार, विक्रम राज ठाकुर, रवि गुप्ता, संतोष कुमार, शशांक कुमार, सचिन उरांव, टुनटुन गोस्वामी, राष्ट्रीय रेफरी विकास साहू, अमित साहू के नाम शामिल है। मौके पर जिला चेयरपर्सन महेश प्रसाद गुप्ता, दामोदर कसेरा, संजय अग्रवाल, ब्रिज किशोर फोगला, अरुण केसरी, शिवकुमार लाल, शशि किरण जयसवाल, रीता कुमारी गुप्ता उपस्थित थे।

### हड़ताल तुड़वाने के लिए सकारातमक वार्ता करें सरकार : रमेश कुमार चीनी

गुमला। झारखंड के अलग-अलग हिस्सों व गुमला में अपनी मांगों को लेकर विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मी हड़ताल पर हैं। जिनमें मनरेगा कर्मचारी संघ, पंचायत सेवक, मुफस्सिल कर्मचारी और नगर निकाय विभाग के कर्मचारी शामिल है। इससे जहां आम जनों का काम नहीं हो पा रहा है। वहीं विकास कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित हो गया है। हड़ताल को तुड़वाने की दिशा में कोई सकारात्मक पहल अब तक सामने नहीं आयी है। इसपर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। कहा है कि हड़ताल पर गए संघों से सरकार वार्ता करें और उनकी जायज मांगों को अविलंब पूरा करते हुए अन्य मांगों को लेकर भरोसा दिलाएं ताकि कर्मी अपने काम पर लौट सके। चुंकि शुक्रवार से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू हो रहा है। उसके बाद विस चुनाव की प्रकिया आरंभ हो जाएगी। ऐसे में यदि कर्मी अपने काम पर नहीं लौटे, तो सरकार के शिविर से लेकर चुनावी प्रकिया तक बाधित हो जाएगी। हड़ताल से विकास योजनाएं बेपटरी हो गई है। इसलिए सरकार अविलंब वार्ता की दिशा में पहल करें।

### सोलर पानी टंकी में गड़बड़ी की जांच करने पहुंचे भाजयुमो अध्यक्ष



घाघरा। घाघरा प्रखंड के नवाडीहा भंडार टोली में 15 वें वित्त आयोग से लगे सोलर पानी टंकी जलमीनार में अनियमितता होने की शिकायत पर भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी गुरुवार को गांव पहुंचकर मामले की जांच की। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया लगभग 10 दिन पहले ही सोलर पानी टंकी जलमीनार संवेदक के द्वारा 249000 रुपए की लागत का लगाया गया है। जिसका नल भी टूट गया। सोलर पानी टंकी कृष्णा इंटरप्राइजेज द्वारा लगाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में सोलर पानी टंकी से अधिक सड़क व नाली की आवश्यकता थी। लेकिन सड़क नाली न बनाकर सोलर पानी टंकी जलमीनार लगवा दिया। वर्षों से लोग कीचड़ वाले रास्ते में ही आना-जाना करते हैं। जिससे काफी कठिनाई हो रही है। लोगों की समस्या सुन आशीष ने कहा कि निश्चित तौर पर यहां के लोगों को सड़क और नाली की जरूरत है। बावजूद पैसे के बंदर बाट का खेल को लेकर सोलर पानी टंकी जलमीनार लगा दिया गया है। उक्त योजना में भ्रष्टाचार पूरी तरह से देखने को मिल रहा है। जो नल लगाया गया था वह दो नंबर का था जो लगने के साथ टूट गया। सोलर पानी टंकी, सोलर,पाइप और उसके लगाए गए स्टैंड फिर कमजोर कैटेगरी की लगी हुई है। जो जल्द ही खराब हो जा रही है। निश्चित तौर पर इसकी शिकायत डीसी से की जाएगी ताकि उक्त योजना में मुखिया, पंचायत सेवक व संलिप्त अन्य लोगों के ऊपर कारवाई हो सके।

### चैनपुर के सदान बुकमा गांव में वज्रपात से किशोर की मौत, दो बच्चियां घायल

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के सदान बुकमा गांव में गुरूवार को दोपहर में जोरदार बारिश के साथ हुए वज्रपात में गांव के स्व पंकज नगेशिया के 9 वर्षीय पुत्र मोहीत नगेशिया की मौत हो गई। वहीं, इस घटना में मृतक की बहन राधिका नगेशिया एवं शिल्पा नगेशिया गंभीर रूप से घायल हो गई। जिनका ईलाज रहा है। तीनों बच्चे स्कूल से लौटकर अपने घर पर थे। तभी अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात हुआ और घर के अंदर ही आसमानी बिजली प्रवाहित हो गई। जिससे मोहित सहित उनकी दो बहनें घायल हो गई। इधर मोहित की गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने उसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## हत्या के विरोध में गुमला टावर चौक पर किया सड़क जाम

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के गिंडरा महुआटोली निवासी 50 वर्षीय लोधा मुंडा की अज्ञात अपराधियों ने बीते रात तेजधार हथियार से मारकर गुमला बाईपास रोड में हत्या कर दी थी। गुरूवार को हत्या के विरोध में परिजनों व ग्रामीणों ने मृतक के शव के साथ मुआवजा व 24 घंटे में अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए स्थानीय टावर चौक में सड़क जाम कर दिया। लगभग ढाई घंटे तक जाम लगा रहा। जिसके बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह व अंचलाधिकारी हरीश कुमार के समझाने पर जामककर्ताओं ने सड़क जाम हटा दिया। अंचलाधिकारी के द्वारा मृतक के परिजनों को मुआवजा देने व दाह संस्कार हेतु राशि देने का अश्वासन दिये जाने के बाद जामकर्ता शव सड़क से उठाते हुए जाम समाप्त किया। इधर जाम के कारण सिसई रोड, पालकोट रोड, मेन रोड व थाना रोड में वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सड़क जाम के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने किसी को इधर से उधर जाने नहीं दिया। कोई बाईक लेकर पहुंचा तो उसे वापस लौटने को मजबूर होना पड़ा। वहीं घटना के संबंध में मृतक के भाई अमन मुंडा ने बताया कि टीवीएस बाईक से बुधवार को उसका बड़ा भाई लोधा मुंडा तिर्रा बाजार गया था। जहां से वापस लौटने के क्रम में बाईक से आये तीन अपराधियों ने बृंदा बाईपास मोड़ के समीप तेज धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी। मृतक मुर्गा लड़ाई देखकर बाजार से घर वापस लौट रहा था। मृतक लोधा मुंडा काफी मिलनसार था और उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी। फिर भी उसकी हत्या कर दी गयी। इधर घटना की जानकारी पर गुमला थाना की पुलिस रात में ही घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया था। जिसके बाद शव के साथ परिजन व गिंडरा महुआ टोली गांव के ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर रही है जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## लोहरदगा एसपी ने आश्रितो को सौंपा 48 लाख का चेक

### तत्कालीन एसपी आलोक प्रियदर्शी के वाहन चालक की दुर्घटना में हो गई थी मौत

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने गुरवार को चालक मान सिंह (मृत) की पत्नी सविता देवी एवं आश्रित बच्चों को मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम कंस में न्यायालय से प्राप्त 48 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर एसपी हारिस बिन जमां ने सविता देवी और उनके चारों बच्चों को चेक प्रदान किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि कार्यालय के विधि सलाहकार सह अधिवक्ता विवेक कुमार की सराहना करते हुए कहा कि कुमार सौपे गए दायित्व का निर्वाह काफी लगन और तत्परता के साथ करते हैं। 48 लाख रूपयों का चेक बालक राम रतन सिंह के आश्रितों का मिल सका है यह उनके प्रयास के कारण समय हुआ है। विदित हो कि 18 मई 2019 को रात्रि लगभग 11 बजे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी आलोक के साथ स्कार्पियो वाहन से रांची से लोहरदगा लौटते समय चालक राम रतन सिंह की वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। उक्त स्कार्पियो के आगे एक 407 गाडी तेजी व लापरवाही से चल रही थी जिसपर लदे हुए लोहे के एंगल रॉड गाड़ी के डाल्ला से बाहर निकाले हुए थे। टिकरा टोली नगड़ी के पास अचानक बिना इंडीकेटर लाईट दिए बैंक करते हुए अपनी गाड़ी दाहिनी ओर मोड़ दिया जिसके कारण उक्त गाड़ी में लदा बलता से बाहर निकला हुआ एंगल रॉड स्कार्पियो के आगे दाहिनी तरफ की बॉडी को छेदते हुए रामरतन के दाहिने सीने में धंस गया।

## लोहरदगा : आलाकमान तय करेगा किसे मिलेगा टिकट : प्रदेश अध्यक्ष

**मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा पार्टी की संविधान है उसे पढ़ ले उसके बाद बयानबाजी करे**

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश गुरुवार को लोहरदगा के जिला कांग्रेस कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर संवाद आपके साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, खिजरी विधायक राजेश कच्छप,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बालमुचू, डॉ अजय शाहदेव, जिला अध्यक्ष सुखैर भगत सहित प्रदेश और जिले के कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे। मौके प्रदेश अध्यक्ष बारी बारी से जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का संबोधन सुन रहे थे इसी दौरान संवाद आपके साथ कार्यक्रम में उसमे समय सब भौचक रह गए जब मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष ही कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद मंच से ही इस बार स्थानीय उम्मीदवार की मांग कर दी। इससे पहले कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने भी स्थानीय उम्मीदवार का मांग कर चुके हैं। इधर स्थानीय उम्मीदवार के मांग पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा टिकट किसको मिलना चाहिए आलाकमान तय करता है। सबको आवेदन देने का अधिकार है। संसदीय बोर्ड का गठन कर अलाकमान तय करेगी किसको टिकट देना है। वही डॉ रामेश्वर उरांव ने स्थानीय उम्मीदवार की मांग पर कहा कि पार्टी की संविधान है उसे पढ़ ले उसके बाद बयानबाजी करे।

### गुमला पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत, संवाद आपके साथ कार्यक्रम में हुए शामिल

## कार्यकर्ताओं के बल पर मजबूती से आगे बढ़ेगी पार्टी: केशव महतो कमलेश






खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। प्रदेश कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष केशव महतो कमलेश गुरूवार को गुमला दौरे पर पहुंचे।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा माहेश्वरी भवन लोहरदगा रोड में आयोजित संवाद आपके साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष का जिले के कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष से जिले के कांग्रेसियों ने विधान सभा चुनाव में दो सीटों की मांग की।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता की कांग्रेस के सही सिपाही हैं। कार्यकर्ताओं के बल पर ही हमें मजबूती के साथ आगे बढ़ना है। विधान सभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ उतरेगी। उन्होंने सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की कार्यकर्ताओं से अपील की। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचू, डॉ अजय लाल सहदेव, रमा खलखो, मानस सिन्हा, गीताश्री उरांव,राजीव रंजन सिंह, भानु प्रताप बड़ाइक, कॉल मंजनी, रमेश कुमार चीनी, अकील रहमान, रोशन बरवा, मुरली मनोहर प्रसाद, राजनील तिग्गा, आशिक अंसारी, जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, गुलाम सरवर अंसारी, आजाद अंसारी, पूर्व विधायक वैरागी उरांव, खालिद शाह, अमृता भगत, मो. महताब, लोहरा उरांव, सीता देवी, बैबूल अंसारी, मुरली मनोहर प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शेड्यूल एरिया में ही आदिवासी अगुवा की निर्मम हत्या होना निरंकुश शासन को दर्शाता है: छोटेलाल

गुमला। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटेलाल उरांव ने कहा है कि हेमन्त सोरेन सरकार आदिवासियों की हितैषी कहलाने वाली सरकार है। लेकिन गुमला ही नहीं बल्कि पूरे झारखण्ड में आदिवासी समाज के लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और डर के साये में जी रहे है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में राज्य में हत्या, बलात्कार, चोरी जैसे अपराध बढ़ गये हैं। आदिवासी समाज के सबसे बड़े ग्राम के पाहन गुमला प्रखंड के गिंड्रा निवासी लोधा मुंडा की निर्मम हत्या की गई है और हत्यारे खुले आम शहर में बेखौफ घूम रहे हैं। इस घटना की अनुसूचित जनजाति मोर्चा और समस्त आदिवासी समाज घोर निन्दा करता है और पुलिस प्रशासन से मांग करती कई की हत्यारों को 48 घंटे में गिरफ्तार करें अन्यथा पूरा आदिवासी समाज अपनी सुरक्षा एवं अस्तित्व को बचाने के लिए सड़क पर उतरने को बाध्य होगा।

### सीएनटी एक्ट को लेकर डीसी ने किया कोर्ट का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के निवासियों तथा स्थानीय रैयतों की सुविधा हेतु गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत गुरदरी पंचायत भवन में सीएनटी एक्ट अंडर सेक्शन 49 से संबंधित कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें चीरोडीह, गुरदरी, अमतीपानी के लगभग 60 आवेदकों से संबंधित 05 केस की सुनवाई की गई। सभी 5 केस का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया। ज्ञात हो की बिशुनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों जिनमें गुरदरी पंचायत भी शामिल है में हिंडालको कंपनी के द्वारा माइनिंग का कार्य भी किया जाता है। इसी क्रम में ग्रामीणों व रैयतों से कंपनी के द्वारा पथरीले (बॉक्साइट निकालने हेतु) भूमि की खरीद की गई है। उपायुक्त के द्वारा उक्त क्षेत्र में जाकर भूमि संबंधी मामलों के तहत सभी केस की सुनवाई की। इसके साथ ही उपायुक्त ने रैयतों से बात चीत के दौरान इस बात की भी पुष्टि की कि कोई भी रैयत व ग्रामीण अपने जमीन को बिना किसी दबाव एवं कम दाम में ना बेच रहा हो। उपायुक्त ने सभी रैयतों से कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन किसी भी प्रकार के दबाव में आकर न बेचें यदि ऐसा होता है तो वे उपायुक्त अथवा बीडीओ कार्यालय में जाकर संपर्क कर सकते हैं। मौके पर उपायुक्त ने सभी आवेदकों से केस से संबंधित मामलों के अलावा उनके निजी जीवन की भी जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी भी पुष्टि की। कोर्ट के पश्चात ग्रामीणों ने उपायुक्त से मुलाकात की एवं अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन भी समर्पित किये। इस दौरान प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा, बीडीओ बिशुनपुर सहित अन्य प्रखंड कर्मी तथा हिंडालको प्रबंधक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



लोहरदगा। केंद्र सरकार के अंतर्गत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र की ओर से जिला के सदर प्रखंड में गुरुवार को दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके प्रभारी अधिकारी प्रीति कुमारी, सहायक निदेशक जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो के द्वारा किया गया। प्रभारी अधिकारी प्रीति कुमारी द्वारा फसल में लगने वाले कीट-व्याधियों के प्रबंध में आई पी एम के महत्व को बताया। सहायक वनस्पति सरंक्षण अधिकारी प्यारी संगा के ने खेती में बीजोपचार के महत्व को बताया। सहायक वनस्पति सरंक्षण अधिकारी डॉ गीता के द्वारा विभिन्न फसलों में कीट व्याधि की पहचान के बारे में विस्तार से बताया गया,जिसमे मित्र कीटों का पहचान कराया। तकनीकी सहायक नीतीश कुमार सुमन एवं उमेश कुमार शर्मा के द्वारा यांत्रिक विधियों के बारे में किसानों को फसल सुरक्षा की जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा विकसित किए गए एनपीएसएस ऐप के उपयोग एवं महत्व के विषय में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम में 50 किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### लोहरदगा पुलिस ने 7 तस्करों को किया गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। जिले के पुलिस कप्तान हारिश बिन जमा को मिले गुप्ता सूचना के आधार पर लोहरदगा पुलिस ने बड़ी करवाई करते हुए 34 मजदूरों को मानव तस्करी से बचाते हुए 7 मानव तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। एसपी हारिस बिन जमा ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया की उन्हें मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी समीर तिर्की, लोहरदगा महिला थाना और रेलवे पुलिस ने संयुक्त रूप से लोहरदगा रेलवे स्टेशन में छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में लोहरदगा रेलवे स्टेशन से 34 मजदूर जिसमे एक 10 साल की बच्ची, एक 13 साल का बालक और दो महिला शामिल थी, उन्हें मानव तस्कर से बचाया। साथ ही 7 मानव तस्कर जिसमे विनोद भगत रघु टोली निवासी, सुरेश असुर गमहरिया, दिलीप लोहरा डांडू सेन्हा, अंजारुल अंसारी आरा से, सुरेंद्र गोप सिसई,जागेश्वर उरांव तुरियाड़ीह, और नेपाली उरांव पूसो गुमला निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी ने बताया की पूरे मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल सभी मजदूरों को आवश्यक करवाई करते हुए उनके परिजनों को सौंप दिया गया। इस छापेमारी में महिला थाना प्रभारी सुमन मिंज, रामेश्वर प्रसाद यादव, रेलवे पुलिस के पु नि रघुवीर सिंह, अजीत कुमार, सैय्यद, कार्तिकचंद पाल, कल्पना आदि शामिल थे।

### किसान व मजदूर बेरोजगारी और महंगाई के दौर से गुजर रहे हैं : महेंद्र

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक कॉमरेड बसंत गोप की अध्यक्षता में उनके आवास पर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव महेंद्र उरांव ने कहा की संगठन को मजबूत करने के लिए महिला फेडरेशन किसान सभा का जिला सम्मेलन कराया जाए। साथ ही 8 सितंबर को रांची में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में किसान व मजदूर बेरोजगारी और महंगाई के दौर से गुजर रहे हैं। राज्य में स्थानीय नीति नहीं होने के कारण युवाओं के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। विधानसभा चुनाव के तैयारी में पार्टी लग जाएगी और इस चुनाव अभियान की तैयारी के लिए अनिल असुर, महेंद्र उरांव, बुद्धू टोप्पो, इंदु कुमारी, बसंत गोप, सुखदेव उरांव व विनोद खलखो की एक टीम बनाई गई है।

### खेल दिवस पर फिटनेस रेस का किया आयोजन



गुमला। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के द्वारा फिटनेस रन का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु, एएनओ अभिजीत झा, एनसीसी पीआई स्टाफ सौरभ कुमार ने झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। उन्होंने कहा कि मैराथन में शामिल होने से एंडोर्फिन, फील-गुड हार्मोन का उत्पादन बढ़ता है जो तनाव को कम करता है और मूड में सुधार करता है। मैराथन पूरा करने से प्राप्त उपलब्धि की भावना आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाती है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ नागरिक ही राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। चंदाली से खटवा ब्रीज तक की दौड़ में 90 कैडेटों ने भाग लिया।

## लोहरदगा : आजसू पार्टी का जन जागरण पदयात्रा शुरू

### वर्तमान राज्य सरकार के वादाखिलाफी को लेकर ग्रामीणों को किया जा रहा है जागरूक

खबर मंत्र संवाददाता




लोहरदगा। जिला आजसू पार्टी द्वारा गुरवार को गांव की और चलो अभियान की शुरूआत करते हुए ₹जन जागरण यात्रा₹ कुडू प्रखंड से शुरू की गई। जिसकी शुरूआत सलगी पंचायत चांपी पंचायत, सुंदरू पंचायत के विभिन्न गांव का दौरा करते हुए किया गया। इस जन जागरण अभियान में एलईडी वैन के माध्यम से सरकार के वादों एवं इरादों को बताता जा रहा है। जितने वादे सरकार ने किए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं कर पाई है। उन एक-एक बातों को जन जागरण के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। आज जो जनता बेरोजगार है सरकार ने 5 लाख प्रत्येक वर्ष नौकरी देने की बात की थी या ?5000 बेरोजगारी भत्ता की बात की थी। परंतु इन पांच सालों में 1 भी नहीं दे पाई यहां तक की कितने बेरोजगार हैं। फिर से यह सरकार बड़े-बड़े वादे कर रही है यह सिर्फ चुनाव जीतने के लिए लोगों को वादों और घोषणाओं के जाल में फसाने का कार्य कर रही है और जनता में भ्रम फैलाकर चुनाव जीतने का कार्य शुरू से करते आई है, आगे भी यह कार्य को करना चाहती है परंतु आजसू अब एक-एक गांव में जाकर उनके नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। यह भ्रष्ट सरकार महिलाओं बच्चों विद्यार्थियों किसी का भला नहीं कर सकती सिर्फ ठगने का काम किया है और आगे भी बड़े-बड़े वादे करके ठगने का कार्य कर रही है। आज बिजली बिल माफी के नाम पर एवं 200 यूनिट बिजली देने के नाम पर जनता को ठग रही है। जनता सब समझ रही है और आजसू मैदान में उतर चुकी है इस बार परिवर्तन निश्चित है और इस सरकार की विदाई निश्चित है। कार्यक्रम में बहुत से मुद्दे ग्रामीणों के बीच रखा गया एवं ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, विधानसभा प्रभारी एवं केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत, केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शाहिद अंसारी, कुडु प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, सरस्वती देवी, आमोद साहू, आयुष मेहता, सोनू राजकुमार, रोहित मेहता, आलोक कुमार, विजय मोदी, विपुल, बाबूलाल उरांव, मालती टोप्पो, हेमंती देवी, बाला उरांव, मंडल प्रजापति, कुंती देवी, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता कश्यप, वासुदेव, पुष्पा, ललिता देवी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## गुमला : राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन

### खिलाड़ियों को जिला प्रशासन के द्वारा किया गया सम्मानित

खबर मंत्र संवाददाता



सम्मानित खिलाड़ियों के साथ डीएफओ, डीडीसी व अन्य।

गुमला। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरूवार को गुमला के नगर भवन में जिले के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर एवं उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने खिलाड़ियों को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों का उत्साह वर्द्धन करते हुए जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहें हैं एवं मेडल्स जीत रहें है। यह बहुत बड़ी बात है। आज के समय में खेल केवल खेल नहीं खिलाड़ी देश का नाम गौरवान्वित करने का कार्य कर रहें हैं। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुमला जिले में इस दिवस पर जिले के होनहार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की परंपरा है। जिसके तहत आज राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में मैराथन रेस ( सावित्री बाई पुस्तकालय से बांसडीह तक, बालक वर्ग 10 किलो मीटर एवं बालिका वर्ग 5 किलो मीटर) का आयोजन किया गया। वहीं इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता, संत इग्नासियुस स्कूल में हॉकी सहित अन्य खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के फुटबॉल कोच रिजवान अली को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## अपर समाहर्ता रामा रविदास ने किया अंचल कार्यालय का निरीक्षण


निरीक्षण करते रामा रविदास।

**लातेहार।** गुरुवार को अपर समाहर्ता रामा रविदास ने अंचल कार्यालय, लातेहार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पा से कई जानकारियां हासिल की। उन्होंने राजस्व संग्रहण की समीक्षा की और कार्यालय के उपिस्थिति पंजी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश अंचलाधिकारी को दिया। मौके पर प्रभारी अंचल निरीक्षक चार्ल्स गिद्ध के अलावा कई अंचल निरीक्षक, लिपिक, नाजिर और कंप्यूटर आपरेटर आदि मौजूद थे।

### चंदवा प्रखंड में आज से शुरू होगी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# सासंग पंचायत भवन में लगेगा विकास शिविर, तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चंदवा प्रखण्ड में आज से शुरू होगी। कार्यक्रम के पहले दिन सासंग पंचायत सचिवालय प्रांगण में विकास शिविर आयोजित होगी, जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस सम्बंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस उद्देश्य से शिविर कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। उन्होंने बताया कि आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड में शुक्रवार 30 अगस्त से शुरू होकर 15 सितंबर तक किया जाना है। प्रखंड के सभी पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 30 अगस्त सासंग, 31 अगस्त बनहरदी, 01 सितंबर बारी, 02 सितंबर सेरक, 03 सितंबर चेटर, 04 सितंबर अलौदीया, 05 सितंबर चंदवा पूर्वी, 06 सितंबर चंदवा पश्चिमी, 07 सितंबर चकला, 08 सितंबर कामता, 09 सितंबर बोदा, 10 सितंबर हुटाप, 11 सितंबर लाधुप, 12 सितंबर बरवाटोली, 13 सितंबर मालहन, 14 सितंबर जमीरा व 15 सितंबर को डुमारो पंचायत में शिविर आयोजित की जाएगी।


जानकारी देते बीडीओ।

शिविर में विकास मेला का आयोजन कर विभिन्न विभागों के द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा योजनाओं के लाभ हेतु आवेदन प्राप्त करने हेतु स्टॉल लगाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे। इसके तहत झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/ आवासीय/ आय प्रमाण पत्र आदि के अलावा सभी प्रकार के पेंशन, आयुष्मान कार्ड, भूमि से संबंधित मामलें समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांच के बाद दिया जायेगा।

शिविर के सफल आयोजन को लेकर पंचायतवार नोडल कर्मियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## भागवत कथा का समापन आज


कथावाचक अनुराग कृष्ण शास्त्री व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्राचीन पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में राधा रमन प्रचार मंडली के द्वारा आयोजित वार्षिक संगीतमय भागवत कथा आज हवन पूजन कार्यक्रम के साथ संपन्न हो जायेगी। 7 दिनों की भागवत कथा के जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण के जन्म के बाद बुधवार की रात्रि पांचवें दिन रुक्मणि और कन्हैया के विवाह को झांकी के माध्यम से दिखाया गया। भागवत कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री ने रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणि को द्वारिका में लाकर विधिपूर्वक विवाह किया। भागवत कथा के दौरान कथावाचक ने कथा के साथ भगवान के भजन से मौजूद लोगो को भगवान की भक्ति में झूमा दिया।

इस दौरान मौके पर जीप सदस्य संतोषी शेखर, निरंजन सिंह, कन्हैया पाठक, सतनाम सरदार, महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक, मृत्युंजय मिश्रा, विकास कुमार, अरुण कुमार, मनीष पाठक, लव पासवान, यशराज, विवेक कुमार और अरविंद पाण्डेय समेत अन्य लोग शामिल थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी से किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

# प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें: डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत के द्वारा उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे स्कूल बाउंड्री निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी से हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली एवं अविलंब कार्यकारी एजेंसी को संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य उपस्थित थे।



समीक्षा करती डीसी।

## कुमार गौरव ने संभाला एसपी का पदभार, अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क रहेगी प्राथमिकता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। जिले के नए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मंगलवार को औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में पूर्व एसपी अंजनी अंजन ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। नए एसपी कुमार गौरव ने अपने पदभार ग्रहण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और पुलिस-जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना उनकी मुख्य प्राथमिकता होगी। एसपी गौरव ने कहा कि वे जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय से काम करेंगे ताकि अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके और नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस बल के भीतर अनुशासन बनाए रखने और कर्मियों को समय-समय पर प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जाएंगी। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, अन्य कर्मियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

सभी ने नए एसपी के कार्यकाल की शुरूआत को लेकर उम्मीद जताई और उन्हें शुभकामनाएं दीं। एसपी गौरव के आने से जिले में बेहतर कानून व्यवस्था और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की संभावना प्रबल हो गई है।

## विद्यालय परिसर में की गई भारत माता की आरती



**महुआडांड़।** 14 अगस्त से लेकर 29 अगस्त तक चल रहे अखंड भारत संकल्प पखवाड़ा दिवस को लेकर गुरुवार को महुआडांड प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में सुबह 9 बजे अखण्ड भारत माता की आरती का आयोजन संघ के बैनर तले किया गया। सर्वप्रथम अखंड भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तदुपरांत संघ के जिला प्रर्यावरण प्रमुख राजन साहू के द्वारा भारत विभाजन की विभीषिका के संबंध में तथा अखंड भारत को लेकर उपस्थित लोंगो को विस्तृत रूप जानकारी दी। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने भारत माता की भव्य आरती की।

# छात्रा से मनचलों ने की छेड़खानी परिजनों ने थाना में दिया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** शहर से सटे सरोज नगर मिशन स्कूल मार्ग पर मनचले बाइकर्स के करतूतों एवं छेड़खानी से स्कूली छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला गुरुवार की दोपहर आयी है जहां एक विद्यालय से छुट्टी होने के बाद घर जा रही 9 वीं कक्षा की दो छात्राओं से बाइक पर सवार मनचलों से फब्तियां कसते हुए छेड़छाड़ का प्रयास किया गया। छात्रा ने घर पहुंचने के बाद इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन छात्रा के साथ थाना पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। विदित हो कि सरोज नगर मुहल्ले के आसपास खीस्त राजा विद्यालय, ग्रीन फील्ड विद्यालय,

➲ **सरोज नगर मार्ग पर स्कूल छुट्टी के समय मनचले बाइकर्स करते हैं छेड़खानी, छात्राएं परेशान**

बालिका उच्च विद्यालय, प्लस 2 उच्च विद्यालय, बाल सृष्टि, बालक व बालिका मध्य विद्यालय समेत कई विद्यालय के हजारों की संख्या में छात्राएं आती-जाती हैं। ऐसे में सुबह स्कूल जाने व दोपहर में स्कूल से वापस आने के दौरान मिशन स्कूल से लेकर स्टेशन रोड तक मनचले बाइकर्स सड़क पर उत्पात मचाते हैं और आने-जाने वाले छात्राओं पर फब्तियां कसते हैं और उन्हें परेशान भी करते हैं।विभिन्न अखबारों के द्वारा पूर्व में इस मुद्दे को कई बार गंभीरता से उठाया गया है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण मनचलों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

# फुटबॉल मैदान में खेल के दौरान वज्रपात दो खिलाड़ी की मौत, 11 घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ/बारियातू।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के इटके ग्राम के मदरसा शमशान घाट के मैदान में गुरुवार को फुटबॉल मैदान में हुए बज्रपात से दीपक कुमार 18 वर्ष पिता रमेश साव ग्राम कोईद सोपारान थाना टंडवा एवं वीरेंद्र गंझु 22 वर्ष पिता रमोदी गंझु ग्राम बरनी थाना बरियातू निवासी की मौत हो गई हुई। वहीं करन गंझु 14 वर्ष पिता अमिन गंझु, नागेश्वर गंझु 26 वर्ष पिता हिरदू गंझु, बबन गंझु13 वर्ष पिता धर्मदेव गंझु, पिंटू गंझु 19 वर्ष पिता सुरेंद्र गंझु, गोपाल गंझु 14 वर्ष पिता अमृत गंझु, महेंद्र गंझु 25 वर्ष पिता बंधन गंझु,लालमोहन गंझु 26 वर्ष पिता पेटर गंझु, पिंकू गंझु 26 वर्ष पिता बीफा गंझु शिवशंकर गंझु 28 वर्ष पिता एतवा गंझु सभी ग्राम बारीखाप थाना बरियातू, दीपक गझू 26 वर्ष पिता एतवा गंझु, डब्लू गझू 21 वर्ष पिता धर्मदेव गंझु ग्राम हरदिया घायल हो गया। फुटबॉल मैच खेल रहे अन्य खिलाड़ियों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ सुरेन्द्र कुमार द्वारा दीपक कुमार एवं वीरेंद्र गंझु को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बरीखाप एवं लेड़ाई ग्राम के बीच फुटबॉल मैच खेला जा रहा था। इसी बीच मैच के दौरान पेनल्टी शूट मारा जा रहा था। ज्योही पेनल्टी शूटआउट समाप्त हुआ इसी बीच बज्रपात हो गया। इस वज्रपात से इटके ग्राम निवासी अख्तर मियां का एक दुधारू गाय की भी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। बालूमाथ एसडीओपी आशुतोष कुमार सत्यम ने बालूमाथ सीएचसी पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी लिया।


मृत दो खिलाड़ी।

## महुआडांड: कांग्रेस, झामुमो, और राजद के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल


मौके पर मौजूद कार्यकर्ता।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के समक्ष कांग्रेस, राजद और झामुमो के दर्जनों कार्यकर्त्ता भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस के रिजवान अंसारी, अजय यादव, सुनील बृजिया, जीवन प्रकाश, अनीता बृजिया, सुनील बृजिया, सुशील, सोनी बृजिया, जीवन प्रकाश बृजिया, राजेंद्र ब्रिजिया, सबीना देवी, मिनसारिया देवी, सुनहार बृजिया विमल बृजिया, मिथुन बृजिया, सत्येंद्र बृजिया, महेंद्र बृजिया, फिलोमिना ब्रिजिया, सूरज बृजिया, मंसूर अंसारी, रघुवा मुंडा आदि का नाम शामिल है। उपरोक्त सभी लोंगो को भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल एवं जिला मंत्री शंभू प्रसाद के द्वारा भाजपा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा में शामिल लोगों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर एवं महुआडांड मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के क्रिया-कलापों से खुश होकर वे भाजपा में शामिल हुए हैं। वे लोग आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे और भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्य करेंगे। मौके पर महुआडांड भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिला मंत्री शंभु प्रसाद, भाजपा नेता संजय राय, लातेहार जिला कार्य समिति सदस्य आनंद नाथ शाह, दिलीप प्रसाद, प्रशांत सिंह आदि मौजूद थे।

# नगर पंचायत ने खुली डाक से चार लोगों को किया दुकान आवंटित

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार के द्वारा खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या 6/2024 -25 के तहत चार दुकानों का डाक किया गया। डाक का नेतृत्व सहायक अभियंता कुमार रवि के द्वारा किया गया। मौके पर सिटी मैनेजर राजकुमार वर्मा, नगर प्रबंधक जया लक्ष्मी भगत उपस्थित थे। ज्ञात हो कि नगर पंचायत के द्वारा 12 अगस्त को आम सूचना जारी करते हुए 28 अगस्त तक खुली डाक में भाग लेने हेतु फार्म का वितरण किया गया था और 29 अगस्त को खुली डाक के माध्यम से दुकान आवंटित करना था। जिसे लेकर गुरुवार को चार दुकान का आवंटन किया गया जिसमें स्टेट बैंक के सामने वाले कॉम्प्लेक्स में दुकान संख्या 10 का विकास कुमार गुप्ता पता बरवाइयां कला मनिका ने सबसे अधिक 6,55,000 हजार रुपए बोली लगाकर दुकान को अपने नाम किया। वहीं स्टेट बैंक के सामने वाले कॉम्प्लेक्स में दुकान संख्या 29 को जावेद अख्तर पता अम्वटीकर ने 5,05,000 का सबसे अधिक बोली लगाकर दुकान अपने नाम किया। वही धर्मपुर बस स्टैंड लातेहार के पास दुकान संख्या 6 का संतोष पांडे पता बीसुनपुर ने 1,38,400 का सबसे अधिक बोली लगाकर दुकान अपने नाम किया। वही सदर अस्पताल गेट के पास दुकान संख्या 7 का नियाजुल हुसैन पता अम्वटीकर ने 750000 का बोली लगाकर दुकान अपने नाम किया। बताते चले कि डाक में भाग लिए लोगों के द्वारा नगर पंचायत के बाहर दुकान मैनेज के लिए लोगों को मैनेज भी किया जा रहा था। और बोली भी लगाया जा रहा था की कौन कितना पैसा देगा। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी।


खुली डाक में बैठे लोग।

### शिक्षा मंत्री के साथ समझौता बैठक सफल होने के बाद सहायक अध्यापकों में हर्ष

# पारा शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री व हेमंत सरकार को दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** मानदेय वृद्धि समेत अपनी कई मांगों को लेकर सहायक अध्यापक मोर्चा बैनरतले लंबे समय से आंदोलन सहायक अध्यापकों का शिक्षा मंत्री के साथ समझौता बैठक सफल होने के बाद चंदवा में सहायक अध्यापकों में खुशी देखी जा रही है। सहायक अध्यापक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह राज्य कमेटी सदस्य बेलाल अहमद ने कहा कि हेमंत सरकार व शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने हम सभी के दुख दर्द व परेशानी को समझा इसके लिए हमसभी सरकार के आभारी हैं। वार्ता के दौरान मानदेय वृद्धि 1,000/- प्रति श्रेणी प्रतिमाह, ईपीएफ का लाभ मिलेगा, 1950/ नियोक्ता अंशदान प्रतिमाह सरकार जमा करेगी, अनुकंपा का लाभ आश्रितों को मिलेगा, इसके लिए अनुबंधकर्मियों के रूप में नियुक्ति में 30% सीटों का आरक्षण मिलेगा, 4% प्रतिवर्ष मानदेय वृद्धि के लिए प्रतिवर्ष नहीं कराना होगा प्राधिकार, सीटेट को जेटेट के समतुल्य मानदेय का मिलेगा लाभ, आकलन उत्तीर्ण को जेटेट के समतुल्य मानदेय एवं अन्य लाभ के लिए भविष्य में मंत्री की अध्यक्षता में होगी बैठक, पूर्व सरकार में हुए केस को वापसी के लिए सरकार गृह विभाग को प्रस्ताव भेजेगी, शहरी क्षेत्र के पारा शिक्षकों के 4% वार्षिक वृद्धि हेतु प्राधिकार गठन का प्रस्ताव अगली कैबिनेट में भेजा जाएगा, जेटेट की परीक्षा में विषयवार पासिंग की बाध्यता होगी समाप्त, ओवरऑल पासिंग मार्क्स होगा, सिलेबस में संशोधन होगा, सहायक आचार्य के लिए हो रही काउंसलिंग में पहले 6-8 इसके बाद 1-5 पर एवं शिक्षा सचिव ने सकारात्मक पहल का आश्वासन, सहायक आचार्य नियुक्ति में स्वच्छता प्रमाण पत्र में चयन 1-5 एवं 6-8 में होने पर कैटेगरी वाइज बाध्यता समाप्त करने शिक्षा सचिव ने सहमति जताई है।


बैठक करते सहायक अध्यापक।

पारा शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, खिजरी विधायक राजेश कश्यप एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार प्रकट किया है। हर्ष व्यक्त करने वाले में प्रखंड सचिव गोविंदा कुमार, प्रखंड संरक्षक सत्यवान कुमार, प्रखंड कोषा अध्यक्ष जगदीश उरांव, बिगन राम, गंगेश्वर राम, श्याम उरांव, शिव बालक राम, चंद्रदेव सिंह, सूरज प्रकाश, त्रिवेणी गोप, अभिमन्यु प्रसाद मेहता, विजय यादव, बाल्मीकि कुमार, प्रकाश गोप, इम्तेयाज आलम, बिनोद राय, विभा देवी समेत दर्जनों पारा शिक्षक शामिल हैं।

## रिक्त पड़े ग्राम प्रधान के पदों को भरने को लेकर बीडीओ से की मुलाकात

**बरवाडीह।** प्रखंड के ग्राम प्रधान एकता मंच के द्वारा ग्राम प्रधानों की समस्याओ को लेकर ग्राम प्रधान के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज और सीओ मनोज कुमार से मुलाकात की। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज से मुलाकात करते हुए लम्बे समय से खाली पड़े ग्राम प्रधान के पद को भरने के साथ एक दर्जन से अधिक प्रधान को लम्बे समय से मानदेय न मिलने की समस्या से अवगत कराया गया। पुरे मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने सभी समस्याओ को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। मौके पर राजनाथ सिंह, राजकमल सिंह, युवराज सिंह प्रतिमा देवी, निरंजन कुमार, विमल समेत अन्य ग्राम प्रधान मौजूद थे।

